क्रमसं. 407

(5)

# उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड

(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)

# U.P. Power Corporation Limited

(U.P. Govt. Undertaking)

शक्ति भवन, 14–अशोक मार्ग, लखनऊ–226001

CIN: U32201UP1999SGC024928

संख्या :– 2786 /जीसीएओछ:/158ए/76 दिनांक :– 16 सितम्बर, 2016

## सूचना

उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, ट्रान्सको एवं केस्को में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी (समूह–घ) कर्मचारियों की तृतीय श्रेणी में कार्यालय सहायक–तृतीय (लेखा) के पद पर चयन हेतु U.P. Power Corporation Limited (Accounts Staff) Service Regulation-2015 के प्राविधानों के अन्तर्गत विभागीय प्रतियोगितात्मक परीक्षा का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। परीक्षा की तिथि बाद में घोषित की जाएगी।

2. उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अर्हता एवं शर्ते :–

1. स्नातक (वाणिज्य) परीक्षा उत्तीर्ण।
2. अनुसेवक के पद पर तीन वर्षो का अनुभव।
3. वार्षिक गोपनीय आख्याएं कम से कम सन्तोषजनक एवं सत्यनिष्ठा प्रमाणित होनी चाहिए।
4. अनुशासनिक कार्यवाही का कोई प्रकरण प्रचलित न हो।

3. उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु निर्धारित योग्यता/अर्हता पूर्ण करने वाले केवल पाकालि, केस्को एवं ट्रान्सको में कार्यरत/आमेलित लेखा संवर्ग के अभ्यर्थियों से आवेदन निर्धारित संलग्न प्रारूप पर आवश्यक प्रविष्टियाँ पूर्ण कर आवश्यक प्रपत्रों के साथ नियंत्रक अधिकारी के माध्यम से विलम्बतम इस सूचना के निर्गतन तिथि से एक माह के अन्दर लेखाधिकारी (प्रशासन), सामान्य प्रशासन अनुभाग, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ के कार्यालय में जमा किए जाए। निर्धारित तिथि/समय के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जाएगा।

उपर्युक्त परीक्षा से सम्बन्धित विवरण संलग्न परिशिष्ट में इंगित है।

संलग्नक–यथा उपर्युक्त।

उप महाप्रबन्धक (लेखा प्रशासन)

संख्या :– 2786 /जीसीएओछ:/158ए/76 तद्दिनांक :–

प्रतिलिपि निम्नलिखित को इस आशय से प्रेषित कि वह कृपया अपने अधीनस्थ समस्त लेखा संवर्ग के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों/अनुसेवकों को उपरोक्त सूचना से अवगत कराते हुए इच्छुक/अर्ह अभ्यर्थियों के प्रार्थना पत्र समय से अग्रसारित करने की व्यवस्था करें।

1. निदेशक (वित्त) उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0/ट्रान्सको, लखनऊ।
2. निदेशक (वित्त), केस्को कानपुर।
3. मुख्य महाप्रबन्धक (लेखा एवं सम्प्रेक्षा)/(वित्त), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
4. महाप्रबन्धक, उ0प्र0 स्टेट पावर सेक्टर इम्प्लाइज ट्रस्ट, शक्ति भवन, लखनऊ ।
5. उप महाप्रबन्धक (लेखा प्रशासन), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।

Room No- 1414

6. उप महाप्रबन्धक (लेखा एवं सम्प्रेक्षा), उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
7. उप महाप्रबन्धक (कारपोरेट लेखा)/(निधि प्रबन्ध)/(कारपोरेट टैक्स)/(सम्प्रेक्षा), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
8. उप महाप्रबन्धक (सामग्री प्रबन्ध), परिक्षेत्रीय लेखा कार्यालय, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, अलीगंज, लखनऊ।
9. उप महाप्रबन्धक (वित्त एवं लेखा) मुख्यालय वित्त एवं भुगतान इकाई (पारेषण मुख्यालय), उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
10. उप महाप्रबन्धक (पारेषण मध्य)/(पारेषण पूर्व)/(पारेषण दक्षिण)/(पारेषण पश्चिम), उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0, लखनऊ/इलाहाबाद/आगरा/मेरठ।
11. अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत आयात-निर्यात एवं भुगतान मण्डल, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
12. वरिष्ठ लेखाधिकारी/लेखाधिकारी (केन्द्रीय भुगतान प्रकोष्ठ)/(मुख्यालय भुगतान)/(वेतन एवं लेखा)/(सामान्य प्रशासन), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
13. कट फाइल।
14. अधिशासी अभियन्ता वेबसाइट कमरा नं0-407 चतुर्थ तल शक्ति भवन विस्तार।

(राकेश वर्मा)
लेखाधिकारी (प्रशासन)

# परिशिष्ट

उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, ट्रान्सको एवं केस्को के लेखा संवर्ग के चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों/अनुसेवकों से कार्यालय सहायक–तृतीय (लेखा) के पद पर चयन हेतु आयोजित की जाने वाली विभागीय परीक्षा से सम्बन्धित विवरण :–

**(अ) लिखित परीक्षाः–** लिखित परीक्षा वस्तुनिष्ठ प्रकार की होगी। लिखित परीक्षा का प्रश्न–पत्र दो भागों में होगा।

**प्रथम भाग :– 50 अंक – समय एक घंटा**

1. प्रथम भाग की लिखित परीक्षा में "DOEACC" के "CCC" स्तर का कम्प्यूटर ज्ञान से सम्बन्धित 01 प्रश्न पत्र होगा जिसमें 50 प्रश्न होंगे। प्रत्येक प्रश्न 01 अंक का होगा अर्थात यह परीक्षा अधिकतम 50 अंकों की होगी । प्रत्येक गलत उत्तर के लिये 1/4 अंक की अतिरिक्त कटौती की जायेगी।

2. कम्प्यूटर ज्ञान की प्रथम भाग की परीक्षा मे कम से कम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित अभ्यर्थी को अर्ह न मानते हुये उसके लिखित परीक्षा के द्वितीय भाग का मूल्यांकन नही किया जायेगा।

**द्वितीय भाग :– 50 अंक – समय एक घंटा**

1. द्वितीय भाग की लिखित परीक्षा का पाठयक्रम (Syllabus) निम्नवत होगाः–

(i) General English & General Hindi - **10 अंक**
(परीक्षा का स्तर हाई स्कूल परीक्षा के समकक्ष होगा)

(ii) Arithmetic - **15 अंक**
(परीक्षा का स्तर हाई स्कूल परीक्षा के समकक्ष होगा)

(ii) Elementary Book Keeping & Accountancy - **25 अंक**

2. प्रत्येक गलत उत्तर के लिये 1/4 अंक अतिरिक्त की कटौती की जायेगी।

3. द्वितीय भाग की लिखित परीक्षा में कम से कम **33** प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति मे अभ्यर्थी को कार्यालय सहायक–तृतीय (लेखा) के पद हेतु अर्ह नही मानते हुए टंकण परीक्षा का मूल्यांकन नही किया जाएगा।

4. कम्प्यूटर ज्ञान के प्रथम भाग के प्रश्न पत्र में अर्जित अंक श्रेष्ठता (मेरिट) निर्धारण हेतु जोड़े नही जायेंगे।

**(ब) कम्प्यूटर पर हिन्दी टंकण परीक्षा - समय 05 (मिनट)**

(हिन्दी टंकण में निर्धारित गति 40 शब्द प्रति मिनट प्राप्त करना अनिवार्य है)

## उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, केस्को एवं ट्रान्सको में आमेलित/कार्यरत लेखा संवर्ग के चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों का तृतीय श्रेणी में चयन हेतु आवेदन पत्र

सत्यापित नवीनतम फोटो

1 आवेदक का नाम –

2 पिता / पति का नाम –

3 वर्तमान पद –

4 वेतनमान – (रू0)

5 जाति –

6 क्या अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग के हैं ? – यदि हॉ, तो जाति प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करे ।

7 पूर्ववर्ती परिषद / कारपोरेशन में प्रथम नियुक्ति की तिथि एवं –

8 पूर्ववर्ती परिषद कारपोरेशन लेखा संवर्ग में नियुक्ति / तैनाती की तिथि –

9 स्थायीकरण का पद / तिथि –

10 क्या आप टंकण जानते है ? :– (1) हिन्दी – हॉ / नहीं
(2) अंग्रेजी – हॉ / नही

11. क्या आप कम्प्यूटर चलाने का ज्ञान रखते है ? – (1) हॉ / नही

12. अनुभाग / ईकाई जिसमें कार्यरत है –

13 शैक्षणिक योग्यता (प्रमाण – पत्र की सत्यापित प्रतिलिपि सलग्न करें) –

(1) यदि हाई स्कूल एवं अन्य उच्चतर परीक्षा में परिषदीय सेवा / कारपोरेशन सेवा में आने के पश्चात सम्मिलित हुये हो तो परीक्षा में बैठने की परिषदीय / कारपोरेशन की अनुमति के आदेश की सत्यापित प्रति संलग्न करें ।

## —— घोषणा ——

मैं ........................................................ घोषणा करता हूँ/करती हूँ कि उपर्युक्त समस्त विवरण सत्य है। यदि पूर्ववर्ती परिषद/कारपोरेशन के अभिलेखानुसार यह असत्य सिद्ध हो, तो मेरा आवेदन–पत्र निरस्त कर दिया जाए तथा इसके लिए मैं स्वयं उत्तरदायी होऊँगा/होऊँगी ।

**दिनांक :–** **हस्ताक्षर** ........................................................

**स्थान :–** **नाम** ........................................................

लेखाधिकारी (प्रशासन), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ को उपर्युक्त आवेदन पत्र विचारार्थ अग्रसारित / संस्तुत किया जाता है ।

अग्रसारित अधिकारी
मोहर